


### एक नजर में

## 2 तक सशक्त परिवार अभियान का आयोजन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हमारे परिवारों, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। इसके परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बतर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। पोषण माह की गतिविधियों के अभिसरण व समन्वय से आयोजित किया जायेगा।**

अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थय एवं पोषण शिविर तथा विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन तथा स्वैच्छिक रक्तदान जैसी गतिविधियां शामिल होगी। अभियान के शीर्षक के अनुरूप यह गतिविधियां महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष रूप से केन्द्रित होंगी। अभियान के सफल क्रियान्वदयन हेतु दिशानिर्देश जारी किये गये हैं। अभियान का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी चुनौतियों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध कराना।

# अपीलीय समिति ने दुकानदारों से मांगे दस्तावेज

**मामला ऐतिहासिक नजाई मंडी गेट के कायाकल्प का**

**नपाध्यक्ष ने व्यापारियों से की गहन बातचीत**




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के बीचो-बीच राजशाही दौर में बना ऐतिहासिक नजाई मंडी गेट व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। जिसके रखरखाब एवं मरम्मत के कार्य में गति लाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर पालिका अब सजग दिखाई दे रही है। जिसके चलते बीते दिनों व्यापरियों एवं नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार एवं सीएमओ ओमपाल भदौरिया के साथ एक बैठक हुई थी इसी क्रम में सोमवार को नगर पालिका की अपीलीय समिति ने दूसरी बार दुकानदारों की बैठक बुलाकर उनका पक्ष जाना।**

दरअसल हाई कोर्ट के निर्देश पर यह सुनवाई की जा रही है। बैठक में दुकानदारों से दुकान पर काबिज होने से जुड़े दस्तावेज शाम 5 बजे तक जमा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर पालिका की ओर से अधिकृत वकील पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा कि दुकानदारों ने अपनी मर्जी से काबिज होने की जानकारी दी है लेकिन अब उसके सबूत देने होंगे। इस पर दुकानदारों ने कहा कि वे दूसरी और तीसरी पीढ़ी से यहां कारोबार कर रहे हैं इतने पुराने दस्तावेज उनके पास नहीं हैं। अपीलीय समिति के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने साफकहा कि जो भी पुराने दस्तावेज उपलब्ध हों उन्हें आज शाम तक हर हाल में जमा करना होगे। इसके बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। दुकानदारों का कहना है कि नगर पालिका अपने रिकॉर्ड से भी उनका मिलान कर सकती है। इस पर बकील तिवारी ने कहा कि दस्तावेज जमा करने के बाद रिकॉर्ड से मिलान कराया जाएगा। करीब एक माह पहले 62 दुकानदारों को दुकान खाली करने के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया गया था। इसके खिलाफ व्यापारी हाई कोर्ट गए थे। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए नगर पालिका की अपीलीय समिति को निर्देशित किया। इसी के चलते 8 सितंबर और 15 सितंबर को बैठकें आयोजित की गईं। पहली बैठक में 13 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी लेकिन अब दस्तावेजों पर जोर दिया जा रहा है। सोमवार की बैठक में 48 व्यापारी शामिल हुए। दुकानदारों ने पांच सूत्रीय मांग पत्र अपीलीय समिति को सौंपा है। इनमें कहा गया है कि यदि बिल्डिंग गिराई जाती है तो उसे बनाने की समय सीमा तय की जाए। निर्माण की लागत वे खुद देने को तैयार हैं। नई दुकानें सिर्फ पुराने दुकानदारों को ही आवंटित की जाएं। नगर पालिका इसकी लिखित गारंटी भी दे।

### अधिकृत अधिवक्ता ने मांगे काबिज होने के सबूत

सोमवार को नपा के सभाकक्ष में नजाई मंडी के गेट की कायाकल्प को लेकर आयोजित बैठक में नगर पालिका की ओर से अधिकृत अधिवक्ता पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा कि दुकानदारों ने अपनी मर्जी से काबिज होने की जानकारी दी है लेकिन अब उसके सबूत नही दिए है। अब दुकानदारों को काबिज होने के पुख्ता सबूत देने होंगे। इस पर दुकानदारों ने कहा कि वे दूसरी और तीसरी पीढ़ी से इस स्थान पर कारोबार करते आ रहे है। इतने पुराने दस्तावेज उनके पास नहीं हैं। जिस पर अपीलीय समिति के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने सोमवार शाम 5बजे तक दुकानदारों से अपने-अपने दस्तावेज पेश करने का आग्रह किया है।

## शव के अंतिम संस्कार के लिए नाव का सहारा



**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। एक के बाद एक विकास की पोल खोलती तस्वीरे जिले से निकलकर रोजाना सामने आ रही है। जिसके चलते मोहनगढ़ तहसील के ग्राम रानीपुरा में एक मामला प्रकाश में आया है। जिसमें गांव की एक महिला की बीमारी के चलते उसकी मौत हो जाने के बाद उसके शव को शमशान घाट तक ले जाने में लोगों को कड़ी मशक्त के बाद नाव का सहारा लेना पड़ा तब कही जा कर मृतिका का अंतिम संस्कार हो पाया।**

दरअसल मोहनगढ़ तहसील के रानीपुरा गांव में महिला फूलवती केवट उम्र 45 वर्ष की बीमारी के चलते आकस्मिक मौत हो गई । मौत के बाद फूलवती केवट के शव को अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट तक ले जाया गया। इस दुखद घटना से परिजनों के दुख के साथ सरकारी सिस्टम के लिए दुख की बात यह है कि शव यात्रा को शमशान घाट तक ले जाने के लिए नव का सहारा लेना पड़ा।

ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से घंटों तक शव एवं शव यात्रा में शामिल लोगों ने नाव की मदद से गहरे पानी को पार किया। ग्रामीणों ने बताया कि अत्याधिक बारिश होने की वजह से इस मार्ग पर स्थित एक निर्माणाधीन पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसके चलते शमशान घाट एवं आगे की बस्ती में रहने वाले 40 परिवारों के लोग परेशान हो रहे है।आपको बता दे कि केवट समाज की बस्ती को जोड़ने वाली पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

## टीएल की बैठक में सेवा पखवाड़ा अभियान पर दिया जोर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समयसीमा यानि टीएल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने करते हुए विभागवार चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही सभी अधिकारी कर्मचारियों को बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सेवा पखवाड़ा अभियान पर जोर दिया गया ।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सेवा पखवाड़ा अभियान, आदि कर्मयोगी अभियान, प्रभारी अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न विभागों के अंतर्गत मालब की प्रगति सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा , टीएल पत्रों पर की गई कार्यवाही , विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## तालाब में डूबने से मानसिक विक्षिप्त की मौत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। झांसी मार्ग पर स्थित दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलगाएं में बीते रोज एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर समूचे क्षेत्र में गमगीन माहौल देखने को मिल रहा है। परिजनों की माने तो मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान जीतू रजक 28 साल निवासी बिलगाएं के रूप में हुई है। दोपहर लगभग 2 बजे वह तालाब में डूब गया। परिजन ने बताया कि जीतू मानसिक रूप से विक्षिप्त था और उसे अक्सर चक्कर आने की समस्या रहती थी। आशंका जताई जा रही है कि तालाब के पास जाते समय अचानक चक्कर आने से वह पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही दिगौड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। झांसी मार्ग पर स्थित दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलगाएं में बीते रोज एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर समूचे क्षेत्र में गमगीन माहौल देखने को मिल रहा है। परिजनों की माने तो मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

## स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई मरीजों को औषधि




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुष पद्धति का प्रचार-प्रसार एवं आमजन मानस में जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मजना द्वारा नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 58 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क औषधि प्रदाय की गई।**

शिविर में स्त्री रोग, मुख रोग, वातरोग, उदररोग, त्वचा रोग, बीपी, मधुमेह, कासरोग, आदि रोगअनुसार आयुर्वेद औषधियों का वितरण किया गया एवं बीपी, शुगर आदि की जांच की गई तथा आस पास के क्षेत्र के औषधीय पौधों के ओषधिय गुण एवं किस मौसम में किस प्रकार का आहार विहार और वर्तमान ऋतु में होने वाली बीमारियों के बचाव के उपाय एवं मौसमी बीमारी से अपने आपको कैसे स्वस्थ रखे की जानकारी दी गई। साथ ही योग क्रियाओं के बारे मे जानकारी दी। शिविर में डॉ मुकेश यादव, मनोहर लाल अहिरवार कम्पाउण्डर, शैलेन्द्र सिंह दवासाज, आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुजारी ने जबरन मंदिर से हटाने का लगाया आरोप

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। तालदरबाजा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में पुजारी और ट्रस्ट अध्यक्ष के बीच विवाद सामने आया है। पुजारी सतीश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ट्रस्ट अध्यक्ष राघवेंद्र खरे पर पुजारी पद से जबरन हटाने का आरोप लगाया है।**

सतीश कुमार पाण्डेय की नियुक्ति 20 जुलाई 2024 को मंदिर में पुजारी पद पर हुई थी। वे ग्राम सुतारपुरा, तहसील पृथ्वीपुर, जिला निवाड़ी के रहने वाले हैं। विवाद की शुरुआत तब हुई जब मंदिर में स्थित बजरंग बली की मूर्ति का सिंदूर अपने आप गिर गया। ट्रस्ट अध्यक्ष ने सिंदूर को बिना किसी विधि-विधान के कपड़े में बांधकर मंदिर में टांग दिया। पुजारी ने इस पर आपत्ति जताई।बताया कि सिंदूर का विधिवत पूजा-अर्चना कर पवित्र नदी में विसर्जन किया जाता है।

## विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोग हो रहे परेशान

**नवभारत न्यूज पलेरा। स्थानीय नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हो रही विद्युत कटौती से उपभोक्ता परेशानी में आ गए हैं। उमस भरी भीषण गर्मी में लोगों को एक-एक पल बिताना कठिन हो गया है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। चाहे खेती-किसानी हो या बच्चों की पढ़ाई महिलाओं का घरेलू काम-काज आदि सभी कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। बिजली व्यवस्था के सुधार को लेकर सरकार के लाख दावों के बावजूद पलेरा नगर क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती से जनता हलाकान है।**



हालात यहां तक हैं कि कटौती का कोई नियम या रोस्टर है ही नहीं। अघोषित कटौती से कई बार आक्रोशित जनता ने विभाग के अधिकारियों की शिकायत विधायक से की है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों के द्वारा बार-बार जिम्मेदरों को चेतावनी दी लेकिन बावजूद इसके विद्युत व्यवस्था के सुचारू रूप से चालू रहने में कोई परिवर्तन नहीं आया। लोगों का कहना है कि बिजली गुल हो जाने पर विद्युत विभाग के किसी भी जिम्मेदार का फोन तक नहीं उठता। यदि कटौती को लेकर कोई जानकारी ली जानी चाहे तो खरगापुर एवं पलेरा का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे कनिष्ठ अभियंता का फोन तक नहीं उठता है। इसके अलावा यदि उनके कर्मचारियों द्वारा सौभाग्य से कॉल रिसीव भी कर ली गई तो गोल मोल जवाब दे दिया जाता है। अधिकांश 33 केबी मांची लाइन का आए दिन फॉल्ट होनाए विद्युत ट्रांसफार्मर से चिंगारियां निकालनाए प्रति घंटे में दो से तीन बार किसी भी ट्रांसफार्मर की केविल जल जाना पलेरा नगर में आम बात है। नगर में लगातार परेशानी का सबब बन रही विद्युत समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि जहां लाचार हैं।

# आगजनी की घटना में दुकान का सामान जलकर खाक

**पीड़ित ने पलेरा थाने में की मामले की शिकायत**

**पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच की शुरू**




**नवभारत,न्यूज पलेरा। थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम दांतगौरा में बीतीं रात एक किराना व्यवसायी की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग की तेज लपटों में दुकान में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार ने इस घटना में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से की है।**

जानकारी के अनुसार फरियादी कमलेश तनय बाबूलाल नापित ने पलेरा थाना पुलिस को आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम दांतगोरा में सड़क के किनारे रखी हुई किराना दुकान को वह रात्रि 9 बजे की लगभग दुकान बंद करते हुए ताला लगाकर अपने घर चला गया था। रात के वक्त 1 बजे के लगभग गांव के रहने वाले विक्रम सिंह ठाकुर, गोविंद यादव, हरिकिशन आदिवासी ने आकर मुझे बताया कि तुम्हारी किराना की दुकान में आग लगी हुई है। तत्काल ही मौके पर पहुंच कर देखा तो पूरी दुकान जलकर राख हो चुकी थी। आवेदन पत्र में बताया गया है की दुकान में रखी हुई किराना सामग्री तकरीबन चार से पांच लाख रुपए की कीमत की थी, जो कि आग से जलकर पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। फरियादी कमलेश ने इस पूरे मामले में आवेदन पत्र देते हुए कार्यवाही की जाने की मांग की है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम दांतगौरा में बीतीं रात एक किराना व्यवसायी की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग की तेज लपटों में दुकान में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार ने इस घटना में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से की है। आवेदन पत्र में बताया गया है की दुकान में रखी हुई किराना सामग्री तकरीबन चार से पांच लाख रुपए की कीमत की थी, जो कि आग से जलकर पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। पलेरा थाना पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए इस आगजनी की घटना के मामले में गहनता से जांच शुरू कर दी है।

**प्रदर्शन** — किसानों ने प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# विभिन्न मांगों को लेकर जिले भर के किसान दिखे लामबंद

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सोमवार को किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेवाजी करते रहे। शाम 4 बजे तक किसनों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट में जिला प्रशासन को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया।**




भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में किसानों की मांगों को ज्ञापन के माध्यम से रखा गया। ज्ञापन में बताया गया कि जिले में सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिलनी चाहिए। सहकारी समितियों और निजी खाद विक्रय केंद्रों पर रेट और स्टॉक सूची का डिस्प्ले बोर्ड लगना चाहिए। खाद के नगद बिक्री केंद्र शुरू से ही चालू होने चाहिए। किसानों ने खाद की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बेचने वालों पर रासुका के तहत कार्यवाही किए जाने की मांग की है। साथ ही अमानक बीज और दवा बेचने वाले विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द करने की मांग भी की है।अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे कराने और टीकमगढ़ को आपदा प्रभावित जिला घोषित करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। फसल बीमा वाले किसानों की बीमा राशि जारी करने की मांग है। जिले के तालाबों की नहरों की मरम्मत कर सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने और तैयार पानी टंकियों से जल्द आपूर्ति शुरू करने की मांग की गई। भारतीय किसान संघ हर साल 15 सितंबर को ज्ञापन दिवस पर किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देता है। इस बार भी प्रदेश के किसानों की समस्याओं का आंकलन कर प्रदेश सरकार को अवगत कराया जाएगा।

सोमवार को किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेवाजी करते रहे। शाम 4 बजे तक किसनों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट में जिला प्रशासन को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया।

भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को पूरे प्रदेश सहित जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने वृहद स्तर पर जिले भर के किसान एकत्रित हुए जिन्होनें इस आंदोलन में बढ़चढ कर भाग लिया। इसके साथ ही जिले के किसानों ने जिला मुख्यालय पर किसान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा रहे हैं।

### हर वर्ष की तरह ज्ञापन दिवस पर किया प्रदर्शन

अपनी मांगों को लेकर आंदोलन एवं ज्ञापन देने में शामिल होने आए जिले भर के किसानों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 सितंबर को भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन दिवस पर किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसके चलते इस बार भी प्रदेश के किसानों की समस्याओं का आंकलन कर प्रदेश सरकार को अवगत कराया जाएगा।

## अवैध रेत भंडारण पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत भंडारण पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसीक्रम में ग्राम दांत गोरा तहसील पलेरा में धसान नदी में अवैध रेत भंडारण पर कार्यवाही की गई।**

कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशों के पालन में तहसीलदार पलेरा श्री श्रीपत अहिरवार, पुलिस एवं खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध रेत भंडारण को जप्त किया गया।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत भंडारण पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसीक्रम में ग्राम दांत गोरा तहसील पलेरा में धसान नदी में अवैध रेत भंडारण पर कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही को लेकर जिले भर के रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति देखने को मिल रही है।

## ग्रामवासियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ




**नवभारत न्यूज खरगापुर। नशे को लेकर दिनों दिन जिले में अभियान तेज होता जा रहा है। इसको लेकर लोगों में जागरुकता देखने को मिल रही है। इसी तारतम्य में खरगापुर के अलोपा गांव में नशा मुक्ति अभियान को लेकर एक मुहिम चलाई है जिसमें सभी ग्रामवासियों ने एकमत होकर पंचनामा तैयार किया और उसमें उल्लेख किया गया कि जो भी शराब बेचेगा या गांव में पियेगा उस पर जुर्माना लगाया जाएगा।**

नशे ने युवाओं को खोखला कर दिया है शराब के नशे में आए दिन लड़ाई झगड़े होते हैं बच्चों पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा हैं। इसी क्रम में गांव में शराब की बिक्री ना हो और लोगों में शिक्षा के लिए जागरूकता आए इसके लिए एक पहल की गई है। ग्रामवासियों ने खरगापुर थाने में पहुंच कर थाना प्रभारी अंबर सिंह सिकरवार को आवेदन दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह एक अच्छी मुहिम ग्राम वासियों के द्वारा चलाई गई है इसके लिए मेरी जहां भी जरूरत पड़ेगी में तैयार रहूंगा।